1	2	3
Nagaland	268151	195636
Tripura	266487	147997
Arunachal Pradesh	56308	34986
Mizoram	28378	45812
Sikkim	44640	14621
Eastern Region	20830622	25061576
Bihar	9553711	6388712
Orissa	4315923	3187126
West Bengal	6932335	15444605
Andaman & Nicobar	28653	41133
Central Region	37092707	27365732
Madhya Pradesh	14203438	78577700
Uttar Pradesh	22889269	19508032
Western Region	31586303	53877168
Gujarat	10777004	14282728
Maharashtra;	20429000	38741625
Daman & Diu	9062	98223
Goa.	364187	723931
Dadar & Nagar Haveli	7050	30661
Southern Region	76848973	58589373
Andhra Pradesh	25439140	12247542
Karnataka	17203515	13502538
Kerala	8157040	7223881
Tamil Nadu	25697220	25294177
Pondicherry	343067	320432
Lakshadweep	2991	1308
All India	205010975	209750823

देश में सबसे ज्यादा आयकर देने वाले/बकाया वाले व्यक्ति

927. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्ष 1993-94 में दस सबसे ज्यादा आयकर देने वालों के नाम क्या हैं और उन्होंने आयकर के रूप में कितनी धनराशि का भुगतान किया; और

(ख) देश में वर्ष 1993-94 में दस सबसे ज्यादा आयकर बकाया वाले व्यक्तियों या संस्थानों के नाम क्या हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) देश में वर्ष 1993–94 में चोटी के दस आयकर दाताओं के नाम अभी तक संकलित नहीं किए गए हैं ।

(ख) अपेक्षित सूचना नीचे दी गई है :—

(रुपये लाखों में)

क्र० सं०	व्यक्ति/संस्था का नाम	बकाया मांग
1	श्री हर्षद मेहता	1,11,947.65
2	भारतीय स्टेट बैंक	1,02,409.23
3	श्री हितेन पी० दलाल	32,511.00
4	भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स	26,491.00
5	पीयरलैस जनरल फाइनेंस	23,090.00
6	श्री भूपेन्द्र पी० दलाल	19,438.10
7	बैंक नेशनल डी पेरिस	16,730.00
8	जी० टी० सी० इंडस्ट्रीज लि०	16,602.22
9	युनाइटेड बैंक आफ इंडिया	13,860.87
10	अमेरिकन एक्सप्रैस बैंक	11,888.00

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋण

928. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा गुजरात में आस्थगित ऋण गारंटी योजना के अंतर्गत वाहनों की खरीद हेतु कुल कितनी धनराशि ऋण के रूप में वितरित की गई थी ;

(ख) संबंधित पक्षकारो द्वारा कितने वाहन खरीदे गए ;

(ग) उनमें से कितने व्यक्ति शिक्षित बेरोजगार थे ; और

(घ) इस योजना के कब तक जारी रहने की संभावना है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा अपनी आस्थगित ऋण गारंटी योजनाओं अर्थात् बिल पुनर्भुनाई योजना और प्रत्यक्ष भुनाई योजना के तहत वाहन की खरीद हेतु गुजरात में पिछले तीन वर्षों के